दिन– रविवार दिनांक– 01 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत का सैद्धांतिक और दृढ़ रुख स्पष्ट करने के लिए संसद के सात सदस्यों का सर्वदलीय शिष्टमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर हैं। शिष्टमंडल किसी भी प्रकार के आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के संकल्प का कड़ा संदेश दे रहा है। जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल इंडोनेशिया की सफल यात्रा के समापन के बाद आज मलेशिया के कुआलालम्पुर पहुंचा। शिष्टमंडल मलेशियाई मंत्रियों, संसद सदस्यों, शिक्षाविदों, मीडिया और भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात करेगा। इधर, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सांसदों का शिष्टमंडल लंदन पहुंच गया है। यह प्रतिनिधिमंडल इस महीने की तीन तारीख तक ब्रिटेन की यात्रा पर रहेगा।

———————————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली में फोरेंसिक साक्ष्य–आधारित दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रही है। श्री शाह कोलकाता में नए केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। अट्ठासी करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस प्रयोगशाला से पश्चिम बंगाल और बिहार सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को लाभ होगा।

———————————————————————————

लोक जन शक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान विधानसभा चुनाव में किसी अनारक्षित सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। पार्टी के वरिष्ट नेता और जमुई से सांसद अरूण भारती ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी है। श्री भारती ने कहा है कि यह पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की इच्छा भी है। इसकी पुष्टि पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने भी की है।

———————————————————————————————————

पटना हवाई अड्डे से आज गुवाहाटी और हैदराबाद के लिए दो जोड़ी नये उड़ानों की सुविधा शुरू होगी। एयर इंडिया की फ्लाईट पटना से गुवाहाटी के लिए शाम तीन बजकर पैंतालीस मिनट पर और पटना से हैदराबाद के लिए रात नौ बजे उड़ान भरेगी। इसके साथ ही पटना हवाई अड्डा से एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों की संख्या बढ़कर ग्यारह हो गई है।

———————————————————————————————————

राज्य सरकार ने नालंदा जिले के कल्याण बिगहा में खाली पड़ी जमीन पर पच्चीस मीटर और पचास मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इसके निर्माण पर चौबीस करोड़ इक्कीस लाख सत्तानवे हजार रूपये रुपये की राशि खर्च होगी। श्री चौधरी ने कहा कि नया शूटिंग रेंज बनने से अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह रेंज पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत का पहला बड़ा और आधुनिक सुविधायुक्त शूटिंग रेंज होगा।

———————————————————————————————————

पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी–मध्य भागों के साथ उत्तर–पश्चिम भाग के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार दरभंगा के कुशेश्वर स्थान में सबसे अधिक सैंतीस दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। विभाग ने चार जून तक सीतामढ़ी, दरभंगा, किशनगंज, कटिहार, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

---

नेपाल के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश से प्रदेश की कई नदियां उफान पर है। किशनगंज में कनकई, बूढ़ी कनकई, रेतुआ, गोरिया और अररिया में नूना, बकरा तथा मुजफ्फरपुर में बागमती नदी उफान पर है। बागमती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। कई निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। इधर, कोसी क्षेत्र में बाढ़ के खतरे को देखते हुये जल संसाधन विभाग ने अभियंताओं और कर्मचारियों की छुट्टी रद्द कर दी है।

---

समाप्त